भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

07.08.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2712 का उत्तर

काडेचूर, यादगीर में रेल बोगी कारखाने का विस्तार

2712. श्री राधाकृष्ण:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि यादगीर जिले में काडेचूर केआईएडीबी स्थित रेल बोगी कारखाना रेलवे की आवश्यकता के अनुसार बोगियों का उत्पादन करने में सक्षम नहीं है और इसके विस्तार की तत्काल आवश्यकता है;

(ख) क्या यह भी सच है कि काडेचूर केआईएडीबी में बोगी कारखाने के विस्तार के लिए 150 एकड़ भूमि आवंटित की गई है;

(ग) यदि हां, तो बोगी कारखाने के विस्तार की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त कारखाने के विस्तार कार्य को पूरा करने की समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): रेल बोगी कारखाना, यादगीर (आरबीके/वाईजी) को एलएचबी बोगी फ्रेम के निर्माण के उद्देश्य से आवंटित भूमि पर स्थापित किया गया है।

पिछले पाँच वर्षों के दौरान, कारखाने ने 2057 बोगी फ्रेम का निर्माण किया है। चालू वर्ष अर्थात 2024-2025 के लिए, रेल बोगी कारखाना, यादगीर में 530 एलएचबी बोगी फ्रेम के निर्माण की योजना बनाई गई है।

*****